# पेड़ की पीड़ा ने अगली पीढ़ी के लिए चेताया

## नाटक पेड़ की कथा से दिया संदेश... प्रकृति की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 31 मार्च. एक पेड़ अपनी ही कहानी कहता है और उसके आसपास खड़े बच्चे उसकी पीड़ा को समझने की कोशिश करते हैं. यह केवल एक नाटक का दृश्य ही नहीं बल्कि प्रकृति और इंसान के रिश्ते का आईना बतलाता दिखता है. कुछ ऐसा ही भावनात्मक दृश्य नाटक पेड़ की कथा में मंगलवार शाम को गांधी भवन में देखने को मिला.**

चिल्ड्रन्स थिएटर एकेडमी द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का लेखन संजय मेहता और निर्देशन मीनाक्षी दीक्षितपुरिया और सह निर्देशन अनुज शर्मा द्वारा किया गया.

नाटक की कहानी एक पेड़ के जीवन के इर्द-गिर्द है, जो अपने अस्तित्व और बदलते परिवेश के बीच संघर्ष करता नजर आता है. बच्चों के माध्यम से यह कथा आगे बढ़ती है और दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास की दौड़ में प्रकृति के साथ हमारा रिश्ता कितना बदल गया है. प्रस्तुति में मुख्य भूमिका में हर्षित रघुवंशी सहित ऋषि, रचना, वंशिका शर्मा, आराध्या



श्रीवास्तव, सोना श्रीवास्तव, रोहन, रूही, रितिका, जयांश, सुनो श्रीवास्तव और अन्य बाल कलाकार नजर आए, जिन्होंने अपनी अभिनय कला से मंच को जीवंत रूप दिया.

नाटक के माध्यम से बच्चों और युवाओं के बीच सामाजिक चेतना जगाने का प्रयास किया गया. जिसमें पेड़ की कथा केवल एक मंचन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए एक संदेश लिए दिखी कि प्रकृति की रक्षा करना केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि अस्तित्व का सवाल भी है.



## जब श्रीकृष्ण जी ने अपने मुंह में दिखाया संपूर्ण ब्रह्मांड

▸ सहयोग विहार में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**भोपाल, 31 मार्च.** राजधानी के सहयोग विहार भोपाल में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस मंगलवार को कथा व्यास पंडित उमेश तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण जी की महिमा का वर्णन किया. उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जी भगवान के रूप के साथ-साथ इंसान के रूप में भी थे, जब भगवान ने बाल रूप में मिट्टी खाई तो दाऊ ने पूछा तो कहा कि मिट्टी खाई, लेकिन जब माता ने पूछा तो कहा कि नहीं खाई और मुंह खोलकर दिखाया तो उनके मुंह में संपूर्ण ब्रह्मांड समाया था. मंगलवार को कथा में मंत्री विश्वास सारंग, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी न्यायाधिकरण के सदस्य विमल श्रीवास्तव, अभिलाष दुबे, कैलाश शर्मा, अधिकरण बार के पराग काले, सोनिया सक्सेना, अशोक सोनी, कथा के मुख्य यजमान राजश्री ओम पाटीदार श्रद्धालु उपस्थित रहे.




## राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने देखा सप्रे संग्रहालय

**भोपाल, 31 मार्च.** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने मंगलवार, 31 मार्च को सप्रे संग्रहालय का भ्रमण किया. इस दौरान संग्रहालय में रखी सामग्री का अवलोकन किया तथा पिछले समय में जो अन्य नवीन सामग्रियां प्राप्त हुई हैं उनकी जानकारी भी प्राप्त की. वे संग्रहालय में स्थापित पं. रामेश्वरदास गार्गव ई-लाइब्रेरी भी पहुंचे तथा वहां उपस्थित लोगों से चर्चा की. उन्होंने सम्मति पुस्तिका में लिखा कि सप्रे संग्रहालय आना तीर्थयात्रा जैसा है. इस दौरान उनके साथ संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर भी उपस्थित थे. हरिवंश ने संग्रहालय की उत्तरोत्तर उन्नति के लिए उनकी सराहना भी की.

## आज मनाएंगे भगवान हाटकेश्वर जयंती

**भोपाल, 31 मार्च.** दादाजी धाम मंदिर भोपाल में बुधवार को भगवान हाटकेश्वर जयंती मनाई जाएगी. इस शुभ अवसर पर सुबह 9:30 बजे से भगवान हाटकेश्वर भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं आरती की जाएगी. इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन एवं मंत्र जाप का किया जाएगा. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान हाटकेश्वर, भगवान शिव का ही एक दिव्य स्वरूप है, जो अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करने वाले एवं कल्याणकारी माने जाते हैं. हाटकेश्वर का अर्थ है स्वर्ण (हाटक) के समान तेजस्वी ईश्वर स्वरूप शिव. यह स्वरूप जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्यता एवं आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करने वाला माना गया है.

# कार्यशाला में बताई कहानी लिखने की कला

▸ सिंधु दर्पण संस्था ने आयोजित की कार्यशाला

▸ भोपाल और दिल्ली के विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

**भोपाल, 31 मार्च. सिंधु दर्पण सांस्कृतिक संस्था संत हिरदाराम नगर, भोपाल एवं राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली द्वारा सोमवार और मंगलवार को सिन्धी कहानी कार्यशाला नवनिध हासोमल लखानी स्कूल के सभागार में आयोजित की गई. कार्यशाला में 55 प्रतिभागियों ने सहभागिता की.**

विशेषज्ञों ने कहानी की महत्ता, कहानी लिखने के तरीके प्रतिभागियों को बताए. कहानी



कार्यशाला का उद्देश्य कहानी लिखने की कला एवं कहानी कहने की क्षमता में सुधार का अवसर प्रदान करना है, ताकि कहानी को अधिक प्रभावी बनाया जा सके. दो दिवसीय कार्यशाला में नई दिल्ली से डॉ. रवि टेकचंदानी, भोपाल से आरजे रूपक, भास्कर इंद्रकांति, राजेश भट्ट एवं अमृता मोटवानी ने कहानी लिखने की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया.


सिन्धू दर्पण संस्था की अध्यक्ष कविता इसरानी ने प्रतिभागियों से कहानी लेखन में रुचि एवं सतत लेखन के लिए प्रयासरत रहने का आग्रह किया. मंच संचालन ऋषभ आहूजा ने किया. कार्यशाला में सुरेश परवाणी, समीक्षा पेसवानी और जया हिमथानी का सहयोग रहा.

### एक नजर में



#### जीनगर समाज राष्ट्रीय एकीकरण महासभा का गठन

**भोपाल, 31 मार्च.** जीनगर समाज में एकता एवं विकास के उद्देश्य से राष्ट्रीय एकीकरण जीनगर समाज का गठन किया गया. रामदेवरा में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लोकेश परमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष, ओम प्रकाश डाबी बागड़ी को महासचिव एवं लक्ष्मीनारायण सिसोदिया को कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव अधिकारी डॉ. किशन लाल जीनगर ने नियुक्त किया. पद संभालने के बाद लोकेश परमार ने समाज के समग्र विकास, शिक्षा के प्रसार एवं युवाओं के मार्गदर्शन के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक धर्मेंद्र ढालिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में यूपीएससी में चयनित हुई डिंपल जीनगर के अभिभावक एवं भगवान दास ढालिया, नेमीचंद सांखला, हाथी राम डाबी आदि का साफा पहना और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया.




#### आरएनटीयू में योग कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल, 31 मार्च.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के योग विभाग द्वारा वर्ल्ड फिलॉसफी डे के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम पर्यावरणीय संकट को रोकने में दर्शन शास्त्र की भूमिका रखी गई. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश पाण्डेय द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ की गई. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दर्शन शास्त्र केवल सैद्धांतिक विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक ऐसी पद्धति है जो व्यक्ति को प्रकृति, समाज एवं स्वयं के प्रति जागरूक बनाती है. उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में पर्यावरणीय संकट को समझने और उससे निपटने के लिए दार्शनिक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने बताया कि दर्शन व्यक्ति के विचारों को परिष्कृत करता है और उसे नैतिकता, म्मेदारी एवं संतुलन की ओर प्रेरित करता है. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखंड आयुर्वेद संस्थान, डॉ. चंद्रशेखर तिवारी वैध उपस्थित रहे.

# नौ सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 31 मार्च. पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से सेवानिवृत्त हुए 9 कर्मचारियों को मंगलवार को आयोजित एक समारोह में विदाई दी गई. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की. साथ ही उनके लंबित देयकों के भुगतान से संबंधित आदेश भी प्रदान किए गए.**

नवीन पुलिस मुख्यालय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार, अनिल कुमार और आशुतोष राय,




अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद, पुलिस महानिरीक्षक हरिनारायणचारी मिश्रा तथा उप पुलिस महानिरीक्षक तरुण नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे. विदाई लेने वालों में रामनिवास यादव, दिनेश पाटिल, चंद्रप्रकाश शर्मा, महेश जयसिंघानी, प्रकाश तोलानी, विजय सिंह ठाकुर, शोभा शर्मा, गणपत राव शिंदे और शिवशंकर भदौरिया शामिल हैं. सहायक पुलिस महानिरीक्षक अंशुमान अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवाकाल पर प्रकाश डाला, जबकि उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके समर्पण, निष्ठा और विभाग के प्रति योगदान की सराहना की.

## आज 40 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 31 मार्च.** राजधानी भोपाल के लगभग 40 इलाकों में मेंटनेंस के लिए बुधवार को बिजली सप्लाई बंद रहेगी. बुधवार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक दानिश हिल्स व्यू टाउनशिप, सीआई पार्क व्यू, सांईनाथ कॉलोनी, एजी क्लॉसिसक, नेताजी हिल्स, दानिश हिल्स व्यू-1, 2-3, वेस्ट एंड एवेन्यू, सुबह 10 से 10.30 बजे तक बर्रई, कस्तूरी होम्स कॉलोनी, सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गौतम नगर, नुपूर कुंज, ई-6 और ई-7, जनता कॉलोनी, मीरा नगर, ईश्वर नगर, न्यू बीडीए ब्लॉक, सांई बाबा नगर, बरखेड़ा पठानी, कृष्णा कॉलोनी, नरेंद्र नगर, मजदूर विकास कॉलोनी सहित अन्य इलाकों में बिजली बंद रहेगी.

# विनम्रता में हृदय परिवर्तन करने की शक्ति

▸ मानस भवन में हनुमत कथा का शुभारंभ

**भोपाल, 31 मार्च. राजधानी भोपाल के मानस भवन में मंगलवार से हनुमत कथा का शुभारंभ हुआ.**

कथा के प्रथम दिवस पंडित श्याम जी मनावत ने कहा कि सुंदरकांड में वर्णन आता है कि श्री हनुमान जब लंका यात्रा में सीता जी की खोज के लिए जाते हैं तो मार्ग में देवता उनकी परीक्षा के लिए सुरसा को भेजते हैं. सुरसा से उनका सामना होता है, किंतु वे उसके साथ बल का प्रदर्शन करते हुए बुद्धि का उपयोग भी करते हैं और विनम्रता से उसे मां कहते हुए अपनी लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय नहीं गंवाते, किसी बुद्धिमान व्यक्ति



का शक्ति संपन्न होने के साथ समस्या से सामना करने में यही दृष्टिकोण होना चाहिए. वे सांपों की माता सुरसा का हृदय परिवर्तन कर देते हैं. और बल के साथ बुद्धि का उपयोग करते हुए अपनी विनम्रता से संसार के सामने यह भी संदेश दिया कि विनम्रता से भी हृदय परिवर्तन किया जा सकता है. सुरसा जहां हनुमान जी को रामकाज की पात्रता प्रदान करती है, तो वहीं बल और बुद्धि के निधान को आशीर्वाद भी देती है. पं. मनावत ने कहा कि यदि साधक की दृष्टि हनुमान जी की तरह पवित्र हो तो उसके सभी कार्य सफल होते हैं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुशील कुमार वासवानी, एम.पी.उपाध्याय वरिष्ठ अधिवक्ता, कैलाश जोशी, प्रभुदयाल मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.



## सुहेल उमर के शायरी संग्रह खयाल का विमोचन

**भोपाल, 31 मार्च. महमूद ज़की वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में सुहेल उमर के शायरी संग्रह खयाल का विमोचन किया गया. इस मौके पर प्रख्यात विद्वान व शोधकर्ता डॉ. महताब आलम ने कहा कि सुहेल की शायरी में विषयों की विविधता, चेतना व बोध और दार्शनिक चिंतन मौजूद है.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म गीतकार व शायर शकील आज़मी ने कहा कि सुहेल ने महबूबा के हुस्न के अलावा समाज की समस्याओं, सांस्कृतिक मूल्यों और ऐतिहासिक तथ्यों को खूबसूरती से बयान किया है.

कार्यक्रम के अध्यक्ष शायर ज़फर सहबाई ने कहा कि ग़ज़ल में सफलता उसी को मिलती है जो कठिन साधना से गुज़रता है. कार्यक्रम में साजिद प्रेमी, डॉ. कमर अली शाह, यूसुफ खान, इकबाल मसूद, डॉ. अंजम बारा बंकवी, डॉ. नज़र महमूद, विजय तिवारी, सलमान खान और अज़ीम बेग, आदि उपस्थित रहे.

### हनुमान जयंती पर हिंदू एकता शोभायात्रा निकलेगी

**भोपाल, 31 मार्च.** हनुमान जयंती पर 2 अप्रैल को जय मां भवानी हिन्दू संगठन द्वारा हिंदू एकता शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है. शोभायात्रा में 15 फीट ऊंची भगवान हनुमान जी की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु हिंदू ने बताया कि यह शोभायात्रा का 12वां वर्ष है. शोभायात्रा गुरुवार शाम 4:00 बजे कालीघाट मंदिर से प्रारंभ होगी. शोभायात्रा कसाईपुरा, बुधवारा, चार बत्ती चौराहा, इतवारा चौराहा, जैन मंदिर रोड, मंगलवारा चौराहा, जुमेराती, छोटे भैया कार्नर, घोड़ा निक्कास चौराहा, कमाली मंदिर, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकिज होते हुए सिंधी कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी.

चिकित्सा सुविधा ▸ इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ सीएसआर के तहत एमओयू

# एम्स में 3डी मॉडल से मरीज समझ सकेंगे अपनी बीमारी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 31 मार्च. एम्स भोपाल 3 डी मॉडल गैलरी बनेगी, जिसके माध्यम से अब मरीज अपनी बीमारी को समझ सकेंगे. साथ ही यह गैलरी डॉक्टरों और चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी होगी.**

**संस्थान ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ सीएसआर फंडिंग के तहत एक अहम समझौता (एमओयू) किया है, जिसके तहत यहां 3डी एनाटॉमी और पैथोलॉजी मॉडल गैलरी स्थापित की जाएगी.**



**क्या है 3 डी प्रिंटेड मॉडल:** अब तक जटिल बीमारियों और सर्जरी को समझना जहां मुश्किल होता था, वहीं 3डी प्रिंटेड मॉडल के जरिए मरीज अपनी बीमारी को आंखों से देख सकेंगे और आसानी से समझ सकेंगे. गैलरी में सीटी और एमआरआई डेटा के आधार पर तैयार मरीज-विशिष्ट 3डी मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे. इससे मेडिकल छात्रों और सर्जनों को जटिल ऑपरेशन की तैयारी में मदद मिलेगी. डॉक्टर और मरीज के बीच संवाद को भी मजबूती देगी.

**जनहित में होगा बदलाव**

- मरीजों को अपनी बीमारी और इलाज को समझने में आसानी
- डॉक्टरों को सर्जरी से पहले बेहतर तैयारी का अवसर
- छात्रों को व्यावहारिक और आधुनिक तरीके से सीखने का मौका
- जटिल ऑपरेशन के जोखिम को कम करने में मदद
- स्वास्थ्य सेवाओं सहित इलाज की गुणवत्ता में तकनीक उपयोग

## ई-पत्रिका 'आभास' के 5 वें अंक का विमोचन

▸ बीएचईएल ने जारी किया पत्रिका का पांचवां अंक

बीएचईएल संवाददाता

**भोपाल, 31 मार्च. बीएचईएल भोपाल में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग की ई-पत्रिका 'आभास' के पांचवें अंक का विमोचन किया गया. इसका विमोचन महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ठाकुर उमानाथ सिंह द्वारा किया गया.**

अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि मानव संसाधन विभाग अपनी टीम के सामूहिक एवं समर्पित प्रयासों से राजभाषा के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. उन्होंने जोर दिया कि विभाग को अन्य विभागों के लिए प्रेरणा



स्रोत के रूप में कार्य करते हुए राजभाषा नीति, नियमों का पालन करना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए.

अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं विभागीय हिंदी समिति की अध्यक्ष सुरेखा बंछोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रज्झल आदक, समिति की सचिव स्मृति शर्मा और प्रबंधक (राजभाषा) पूनम साहू सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम में राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन को और मजबूत करने पर चर्चा की गई. विभागीय कार्ययोजनाओं, बैठकों, प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर आगामी हिंदी गतिविधियों के लिए कार्ययोजना तैयार की गई.